11 रणनीति बनाकर योजनाओं को बनाएं अधिक कारगर : बोड़खे


12 खाद व कीटनाशक दवाइयों के रेट आसमान पर


## खबर संक्षेप

### अमलीडीह में श्रीमद भागवत महापुराण 23 से

**कोर्रा(भखारा)।** राधारानी महिला समूह एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम अमलीडीह (कुर्रा) में श्रीमद भागवत महापुराण कथा महोत्सव 23 से 31 दिसंबर तक किया गया है। कथा व्यास वासुदेव तिवारी महाराज अरकार बालोद होंगे।

### भैंसमुंडी में मड़ई मेला 5 को, नाचा भी होगा

**मगरलोड।** नगरवासियों तथा ग्राम विकास समिति के सहयोग से ग्राम भैंसमुंडी के मड़ाईभाठा मैदान में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए भानपुरी धमतरी का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी दाऊलाल साहू महासचिव ग्राम विकास समिति ने दी है।

### बागतराई में रामायण 5 से, मड़ई मेला 8 को

**कोर्रा(भखारा)।** बागतराई में ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में 5, 6, 7 जनवरी को रामायण एवं 8 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ नाचा प्रस्तुत किया जायेगा। यह जानकारी ग्राम समिति बागतराई के अध्यक्ष दोवन, ग्राम पटेल बिसौहा, कोषाध्यक्ष सेवक साहू ने दी है।

### सौराबांधा में शिव महापुराण 9 जनवरी से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम सौराबांधा (सिलौटी) में 9 से 15 जनवरी तक सात दिवसीय शिव महापुराण कथा



का आयोजन पल्टूराम मेश्राम एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। प्रवचनकर्ता पं. होमेन्द्र प्रसाद दुबे सुरगी राजनांदगांव वाले होंगे।

### डाभा में गुरू घासीदास जयंती 22 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम डाभा में 22 दिसम्बर शुक्रवार को संत शिरोमणि गुरू घासीदास बाबा की जयंती मनाई जायेगी। कलश यात्रा निकालकर बाबाजी के जैतखाम पर ध्वजा फहराया जायेगा। रात्रि में पद्मभूषण श्रीमती उषा बारले का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के संचालक मालिकराम गायकवाड़, अध्यक्ष विजय बघेल, सचिव मधु कुर्रे, कोषाध्यक्ष बिरेन्द्र माधुर, सागर गायकवाड़, गोपी गायकवाड़, विष्णुराम, बीरू, संतराम, खुमानसिंग, डोमार सिंह, कितेश्वर, कृपाराम जुटे हुए हैं।

### निर्वाचन व्यय लेखा के लिए प्रशिक्षण 22 को

**धमतरी।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्र सिहावा, कुरूद और धमतरी के अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत व्यय लेखा के समाधान के लिए 29 दिसम्बर को लेखा समाधान बैठक रखी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने बताया कि लेखा समाधान बैठक के संबंध में 22 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एक दिवसीय फैसिलिटेशन (प्रशिक्षण) कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण में अभ्यर्थी एजेंट को लेखे की फाइलिंग प्रक्रिया, अपूर्ण दाखिल किये जाने वाले फार्म एवं सही लेखे न दर्शाने के परिणामों के बारे में अवगत कराया जायेगा। कलेक्टर ने सभी अभ्यर्थी एजेंटों को अपने सभी अंतिम लेखे और रजिस्टर तैयार कर उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होने कहा है।

---

चावल जमा नहीं होने की स्थिति में धान का उठाव भी होगा प्रभावित

# नान गोदाम फुल, एफसीआई में लेवी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नागरिक आपूर्ति निगम का गोदाम फुल होने वाला है। उधर एफसीआई में पिछले साल का ही चावल जमा नहीं हुआ है। ऐसे में धान का उठाव प्रभावित हो रहा है। उधर धान खरीदी अभी 60 प्रतिशत बची हुई है। यदि धान के उठाव में तेजी नहीं आती है तो समितियों में जाम की स्थिति रहेगी।

धान खरीदी को डेढ़ माह से ज्यादा हो गए हैं लेकिन एफसीआई में इस साल की लेवी शुरू नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार एफसीआई में पिछले साल का ही पूरा चावल जमा नहीं हो पाया है। अभी भी 24 राइस मिलर्स ने 13 हजार टन चावल जमा नहीं कर पाए हैं। अभी एफसीआई पिछले साल का ही चावल जमा ले रही है। इस साल का चावल नहीं जमा किया जा रहा है। ऐसे में राइस मिलर्स



के सामने विकट समस्या पैदा हो गई है। अब तक वे नान के गोदाम में चावल जमा कर रहे है। यह गोदाम भी पैक होने की स्थिति में पहुंच गया है। अनुमान के अनुसार 25 से 28 दिसंबर तक ही यहां चावल जमा हो पाएगा। इसके बाद राइस मिलर्स को चावल जमा करने में समस्या आएगी।

राइस मिलर्स ने बताया कि अधिकांश राइस मिलों में कस्टम मिलिंग के लिए धान स्टोर है। मिलों में चावल स्टोर करने के लिए ज्यादा जगह नहीं है। गोदामों में चावल जमा नहीं होने की स्थिति में वे धान का उठाव कम कर पाएंगे।

### 1 जनवरी से इस साल का चावल लेना शुरू होगा

पिछले साल के चावल का हिसाब क्लियर होने के बाद ही इस साल का चावल लिया जा सकता है। यही कारण है कि एफसीआई इस साल का चावल जमा नहीं ले रही है। शुरूआती दौर में इस साल की लेवी शुरू की गई थी लेकिन बाद में इसे बंद कर दिया गया। उम्मीद की जा रही है कि 31 दिसंबर तक पुराने बकायादार राइस मिलर्स पिछले साल का चावल जमा कर देंगे। इसके बाद 1 जनवरी से एफसीआई में इस साल का चावल जमा लेना शुरू कर दिया जाएगा।

### केंद्रों में 8 लाख क्विंटल धान जाम

जिले के सभी 100 खरीदी केंद्रों में अब तक 25 लाख 30 हजार 940 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। इसमें से 17 लाख 24 हजार 498 क्विंटल धान का उठाव हुआ है। खरीदी केंद्रों में 8 लाख 6 हजार 442 क्विंटल धान जाम है। यदि उठाव में तेजी नहीं लाई जाती है तो खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति बन सकती है।

### थोड़ा प्रभावित होगा

एफसीआई में चावल जमा नहीं होने से उठाव थोड़ा प्रभावित हो सकता है लेकिन इससे खरीदी पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। जनवरी माह से एफसीआई में चावल जमा होने की उम्मीद है। वैसे भी मिलर्स डीओ का साढ़े 4 लाख क्विंटल चावल अभी नहीं उठा पाए हैं। इसका उठाव करेंगे तो समितियों में और जगह खाली हो जाएगी।

- सुनील सिंह राजपूत, *जिला मार्कफेड अधिकारी*

---



### जिला स्तर पर पंथी नृत्य 23 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिला स्तर पर पंथी नृत्य का आयोजन 23 दिसम्बर को किया जायेगा। इसके लिये जिला स्तर के पंथी नृत्य दल, समूह से टीम का नाम, सम्मिलित होने वाले सदस्यों की संख्या, अध्यक्ष एवं सचिव के मोबाइल नंबर सहित आवेदन पत्र 22 दिसम्बर की शाम 4.30 बजे तक मंगाया गया है। आवेदन पत्र सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग के कक्ष क्रमांक 85 में प्रस्तुत किया जा सकता है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग डॉ. रेशमा खान ने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

---

## भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने ड्रोन डेमोस्ट्रेशन का किया अवलोकन

- किसानों से बातचीत कर आधुनिक खेती को अपनाने की दी समझाईश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारत सरकार के संयुक्त सचिव पंकज बोड़खे ने अपने धमतरी प्रवास के दौरान धमतरी विकासखंड के ग्राम जवरगांव में किसानों को आधुनिक कृषि की ओर प्रेरित करने ड्रोन के माध्यम से खेतों में दवाई छिड़काव का प्रदर्शन किया। इस दौरान श्री बोड़खे ने गांव के किसानों से चर्चा की और किसानों द्वारा लगाई गई फसल, पानी की व्यवस्था, फसल में लगने वाला समय, फसल से प्राप्त आय आदि के बारे में पूछा। किसानों ने भी उत्साहित होकर जवाब दिया। किसानों ने कहा कि अब ड्रोन का



उपयोग कृषि कार्यों में भी होने लगा है। ड्रोन के माध्यम से खेतों में बीजों और दवाओं के छिड़काव में भी कम समय लगता है, जिससे समय और मेहनत की बचत होगी। श्री बोड़खे ने इस पद्धति को अपनाने की सलाह किसानों को दी, जिस पर किसानों ने अधिक लागत की बात कही। श्री बोड़खे ने बताया कि शासन द्वारा समूह को 75 प्रतिशत की सब्सिडी पर यह उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका लाभ अवश्य लें। आने वाले दिनों में इसकी मांग और बढ़ेगी।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, उपसंचालक कृषि मोनेश साहू सहित गांव के किसान राधोराम, अवधेश्वरी बाई, लीलाराम साहू, जनक साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## फर्जी फार्म भरवाकर महिलाओं से वसूली

- कलेक्टोरेट रोड स्थित एक च्वाइस सेंटर की शिकायत अधिकारियों से

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मातृत्व वंदना के नाम से एक च्वाइस सेंटर ने कई वार्डों की महिलाओं को चूना लगाया है। अब इसकी शिकायत होने के बाद उसने फर्जी फार्म भरवाना बंद कर दिया है, लेकिन जिन लोगों ने च्वाइस सेंटर में फार्म भरने के एवज में 50 रुपए जमा किए हैं, उन्हें राशि लौटाई नहीं गई है।

कलेक्टोरेट रोड में कई च्वाइस सेंटर संचालित हैं। इसमें एक च्वाइस सेंटर पीएचई के बगल में संचालित है। इस च्वाइस सेंटर द्वारा गोकुलपुर, रामपुर, महिमा सागर वार्ड सहित कई वार्ड की महिलाओं का मातृत्व वंदना योजना के नाम पर





शिकायतकर्ता

फर्जी फार्म भरवाया गया है। गोकुलपुर वार्ड के मुकेश कुमार सेन ने इसकी शिकायत कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से की है। उसने बताया कि भाजपा ने मातृत्व वंदना योजना के तहत महिलाओं को हर माह 1 हजार रुपए देने की घोषणा की है लेकिन अभी तक यह योजना शुरू नहीं हुई है। इस घोषणा का लाभ उठाते हुए संबंधित च्वाइस सेंटर द्वारा महिलाओं को फर्जी रुप से फार्म भराया गया। कई वार्ड की महिलाओं ने फार्म भरा है। हर महिला से 50-50 रुपए फीस ली गई है। शिकायत के बाद च्वाइस सेंटर द्वारा फार्म भरवाना तो बंद कर दिया गया है लेकिन जिन महिलाओं से फार्म भरने के नाम राशि वसूली गई है, उसे लौटाई नहीं गयी है। इस संबंध में संबंधित च्वाइस सेंटर द्वारा बताया गया कि उनके पास महिलाएं फार्म भरने आ रही हैं। उन्हें लौटाया जा रहा है।

### दी गई रसीद

संबंधित च्वाइस सेंटर द्वारा गूगल फार्म में मातृत्व वंदना के नाम पर महिलाओं का फार्म भरा गया है। फार्म भरने के बाद बकायदा उसकी रसीद भी महिलाओं को दी गई है। गूगल फार्म में महिलाओं का आधार नम्बर, बैंक अकाउंट नंबर सहित कई गोपनीय जानकारी एंट्री की गई है। यह जानकारी यदि हैकर के हाथ लग जाती है तो महिलाओं को काफी नुकसान हो सकता है।

## हेल्थ कैम्प में 65 मरीजों का हुआ पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- केंद्र से पहुंचे आब्जर्वर ने देखी स्वास्थ्य सुविधाएं

जिले में चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम भोयना में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 65 नए मरीजों का पंजीयन किया गया। वहीं केंद्र से पहुंचे आब्जर्वर ने अभियान के दौरान दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के नाम से एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिले में भी जारी है। संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य



विभाग द्वारा ग्राम भोयना में लगाए गए हेल्थ कैम्प में 65 मरीजों का पंजीयन किया गया। इन मरीजों में टीबी के 10, आयुष्मान कार्ड के 9 हितग्राही तथा बीपी, शुगर, सर्दी, खासी के मरीज हैं। शिविर में मरीजों की जांच व उपचार किया गया। वहीं बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान धमतरी ब्लाक के ग्राम जवरगांव तथा मथुराडीह में स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेने केंद्र से आब्जर्वर अधिकारी पहुंचे।

सीएमएचओ डा. शैलेंद्र मंडल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों को दी। बताया गया कि पूर्वान्ह व अपरान्ह में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में मुख्य रूप से 12 प्रकार की सेवाएं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदान की जाती हैं। जिसमें गर्भावस्था के दौरान प्रसव की देखभाल, शल्य एवं किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं गर्भ निरोधक एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित संचारी रोगों का प्रबंधन, सामान्य संचारी रोगों का प्रबंधन एवं गंभीर साधारण बीमारियों और छोटी बीमारियों के लिए ब्राह्य रोगी देखभाल, गैर संचारी रोग, नेत्र एवं ईएनटी समस्या सहित अन्य सेवाओं से अवगत कराया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत आयुष्मान योजना से लाभान्वित हितग्राही एवं टीबी से ठीक हुए मरीजों द्वारा व्यक्तिगत अनुभव साझा किया गया।

### घर के सामने खड़ी ई-रिक्शा से बैटरी की चोरी

**धमतरी।** घर के सामने खड़ी ई-रिक्शा से अज्ञात चोर ने बैटरी की चोरी कर ली है। पीड़ित के अनुसार स्थानीय मकेश्वर वार्ड निवासी मनीष यादव पिता सालिकराम ई-रिक्शा वाहन चलाने का काम करता है। 18 दिसंबर की रात्रि मनीष ने ई-रिक्शा को अपने घर के सामने खड़ा किया था। कोई अज्ञात लोग देर रात्रि ई-रिक्शा को दूसरे स्थान पर ले गये। दूसरे दिन सुबह जानकारी होने पर मनीष अपने ई-रिक्शा के पास गया। चेक करने पर ई-रिक्शे में लगी दो बैटरी गायब थी। उक्त बैटरी की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। पीड़ित मनीष ने कोतवाली में लिखित आवेदन कर शिकायत दर्ज कराई है।

WALK IN INTERVIWE
FOR TGT
Class 5th to 8th

| SUBJECT | VACANCY |
|---|---|
| MATHS | 02 |
| ENGLISH | 02 |
| SCIENCE | 01 |
| SOCIAL SCIENCE | 01 |

Candidates must have 2 years teaching experince in a similar capacity with good English communication Eligibility:
PRT - Post-graduates
TGT-Post graduates, (B.ed/ D.el.ed)

*They have to bring their resume with neccessary documents.

SALARY
15000/-onwards based on above conditions

INTERVIWE VENUE
VIDHYA KUNJ SCHOOL
LOHARSI
DATE: 23/12/23
DAY-SATURDAY
TIMING-10am ONWARDS

FOR ANY QUERIES
Contact details
9111437555
8962563393
Call timing-
9:00 am to 3:00 pm

सर्दी-खांसी के लक्षण पाए जाने पर होगा कोविड टेस्ट

## कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-7 की आहट, स्वास्थ्य विभाग तैयारी में जुटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देश में कोरोना के नए वेरिएंट ने दस्तक दे दी है। देश भर में कोरोना को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी कोरोना से निबटने की तैयारी में जुट गया है।

कोविड-19 की पहली व दूसरी लहर के बाद देश में कोरोना की आहट हुई है। कोविड के नये वेरिएंट जेएन-7 का केरल में संक्रमण शुरू हो चुका है। इस नए वेरिएंट से केरल में दो लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं कर्नाटक व तामिलनाडु राज्यों में वेरिएंट जेएन-7 तेजी से पैर पसार रहा है, जिसे देखते हुये केन्द्र शासन ने सभी राज्यों को अलर्ट जारी कर दिया है। प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर आ गया है। बीते दिनों स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी जिले के सीएमएचओ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर कोरोना से निबटने के लिये अस्पतालों की



तैयारी की समीक्षा की। इस संबंध में प्रदेश शासन से बहुत जल्द गाइड लाइन जारी की जायेगी। वर्तमान में छग में अभी तक कोरोना के नये वेरिएंट की दस्तक नहीं हो पाई है। फिर भी नए वेरिएंट से निबटने केन्द्र शासन की गाइड लाइन पालन करने प्रदेश शासन अलर्ट मोड पर आ गया है, जिसके चलते जिला स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना से निबटने जिला अस्पताल के आक्सीजन सप्लाईयुक्त 95 बेड व दो आक्सीजन प्लांट तथा 15 वेंटिलेटर को अपडेट कर लिया है। इसी तरह नगरी, कुरूद व भखारा के आक्सीजन प्लांट व सेन्ट्रल आक्सीजन सप्लाई की तैयारी कर ली गई है। वहीं जिला अस्पताल में सर्दी-खांसी के मरीजों को कोविड टेस्ट कराने कहा गया है।

### एंटीजन किट से होगी जांच

जिला नोडल अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक ने मीडिया को बताया कि कोराना के नए वेरिएंट को लेकर अभी गाइडलाइन नहीं आई है। फिर भी शासन के निर्देश के तहत अस्पतालों में आक्सीजनयुक्त बेड व आक्सीजन प्लांट को अपडेट कर लिया गया। सर्दी-खांसी के मरीजों का एंटीजन किट से टेस्ट होगा। गंभीर स्थिति पर आरटीपीसीआर किट से टेस्ट किया जायेगा। फिलहाल पुरानी कोरोना गाइडलाइन का पालन करना होगा।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### राजपुर में घासीदास जयंती मनाई गई

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में सतनामी समाज द्वारा संत शिरोमणि गुरू घासीदास की जयंती मनाई गई। समाज के महिला पुरुष बच्चों ने पूजा पाठ कर जैतखाम में पालो चढ़ाकर सादा झंडा चढ़ाया गया और आरती उतारी। सामाजिक लोगों ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने समाज में छुआछूत, उच्च नीच को दूर किया है। उन्होंने समाज में एकता, भाईचारे तथा समरसता का संदेश दिया है। इस अवसर पर पीला दाऊ चतुर्वेदी, पंचराम निराले, प्रीतम बंजारे ,पवन भारती, राजेश बंजारे, खोरबाहरा, अर्जुन भरती, देवराज लहरे, पूरन चतुर्वेदी, भीषम, जितेन्द्र चतुर्वेदी, वीरू निराले उपस्थित थे।

### निधन : कोमल साहू



**धमतरी।** कोमल साहू पिता स्व. सोहन लाल साहू 50 वर्ष कर्मा चौक धमतरी निवासी का आकस्मिक निधन हो गया। वे विजय साहू पत्रकार, योगेश्वर साहू, लेखराज साहू के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा गृहग्राम भटगांव बड़ेपारा गौरा चौक से निकली।

10 दिनों से ग्रामवासी पीने के पानी के लिए भटक रहे

# ठंड में भी सिवनीकला में गहराई पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिवनीकला के भाठापारा में ठंड के दिनों में भी पानी की समस्या बनी हुई है। ग्रामवासियों का कहना है कि बोर मशीन खराब हो जाने के कारण यहां पानी का संकट गहराया हुआ है। लगातार 10 दिनों से ग्रामवासी परेशान है। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने 18 दिसंबर को सरपंच के घर का घेराव किया और पानी की समस्या हल करने की मांग की। लेकिन सरपंच इस समस्या को दूर करने कोई जवाब नहीं दे रहा है। इससे ग्रामीणों की समस्या और भी बढ़ गई है।

मौके पर नरोत्तम तारक पंच, अरूणांचल पटेल, नजीर बैग, आसाराम यादव, दुर्गेश तारक, पंचू साहू, हेमंत साहू, कृष्णा पटेल, महेंद्र यादव, ठगेश्वर तारक, महेंद्र साहू, राजकुमार यादव, कुंती यादव, महेश्वरी पटेल, श्यामबाई सेन, कौशिल्या पटेल, पुष्पा बाई तारक, नीलम तारक, जान्हवी पटेल, महिमा पटेल, कुंजबाई साहू, हीराबाई पटेल, तारिणी तारक, शीला यादव, नीरा बाई, खुशबू साहू, भारती निर्मलकर, रागिनी तारक, संध्या पटेल, यशस्वी पटेल, महिमा पटेल, धारणा पटेल, जान्हवी पटेल मौजूद थे।





### मुझे हैंड ओवर नहीं किया : सरपंच

सरपंच ईश्वर लाल साहू का कहना है कि ग्रामीण पानी की समस्या को लेकर लगातार मेरे पास पहुंच रहे हैं। जो बोर खनन हुआ है, उसकी मशीन बिगड़ गई है। वह अभी ठेकेदार के अंडर में है और मुझे हैंड ओवर नहीं किया गया है। जिस दिन मुझे हैंड ओवर कर दिया जाएगा उस दिन समस्या का निवारण कर दिया जाएगा। मशीन को बनाने की जिम्मेदारी की है।

### बोर को बनवाने सरपंच को दिया निर्देश : उप अभियंता

इस संबंध में मनोज कुमार पैकरा उप अभियंता पीएचई विभाग का कहना है कि सिवनीकला में पानी की जटिल समस्या है। बोर को बनवाने के लिए सरपंच को निर्देश दिया गया है। 2 दिन में पानी की समस्या का हल हो जायेगा।

# मोहंदी सोसाइटी में परिवहन की रफ्तार धीमी



- परिसर में 13804 क्विंटल 40 किलो धान जाम
- 1087 किसानों से 2 करोड़ 97 लाख 43 हजार 591.40 पैसे की हुई ऋण वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

राज्य में धान खरीदी डेढ़ माह से चल रही है। सोसाइटियों में धान की आवक बढ़ गई है। धान खरीदी की लिमिट कम होने से किसानों को धान बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

ग्रामीण सोसाइटी मोहंदी में एक नवंबर से धान खरीदी शासन के निर्देशानुसार हो रही है। नियमानुसार मापदंड के आधार पर टोकन प्राप्त किसानों का धान खरीदा जा रहा है। एक नवंबर से बीस दिसंबर तक 50 दिन में मोटा पतला धान 40 हजार 44 क्विंटल 40 किलो धान की खरीदी की गई है जिसकी राशि 8 करोड़ 76 लाख 55 हजार 749 रूपये 20 पैसा है। सोसाइटी ने 2 करोड़ 97 लाख 43 हजार 591 रूपये 40 पैसे की ऋण वसूली की है। 5 करोड़ 79 लाख 12 हजार एक सौ 57 रूपये 80 पैसा किसानों को लिंकिंग के माध्यम से भुगतान किया गया है। मोहंदी सोसाइटी में खरीदा गया 13804 क्विंटल 40 किलो धान सोसाइटी परिसर में जाम पड़ा हुआ है। परिवहन ठीक से नहीं होने के कारण धान खरीदी के लिए जगह का अभाव हो गया है। खरीदी गए धान कट्टा का अति शीघ्र परिवहन नहीं किया गया तो खरीदी बंद करने की नौबत आ सकती है।

मोहंदी सोसाइटी प्रबंधक जगदीश्वर नाथ साहू, लेखापाल गोपाल साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर अशोक साहू ने बताया कि मोटा धान का आरो कट गया है। किंतु परिवहन कार्य धीमी गति से चल रहा है। सोसाइटी प्रांगण में स्टॉक पूरा भरा हुआ है। धान खरीदी के लिए जगह का अभाव बना हुआ है। अतिशीघ्र परिवहन होने से धान बेचने में किसानों को सुविधा मिलेगी।

## दो युवकों ने गर्भवती महिला को दिया रक्त





**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम दरगहन के चुनेश्वर यादव एवं ग्राम परेवाडीह के लोकेश साहू ने जिला चिकित्सालय में भर्ती गर्भवती महिला को रक्तदान कर बड़ा संदेश दिया है। चुनेश्वर यादव ने चर्चा के दौरान बताया कि रक्तदान करके हम किसी के जीवन में खुशी भर सकते हैं। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। उन्होंने लोगों को भी रक्तदान करने के लिए उत्साहित किया।

# रासेयो छात्रों ने किया रंगमंच का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत भैंसामुड़ा के आश्रित ग्राम खुदुरपानी में प्राचार्य नीरज, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू, सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल साहू के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित है। कार्यक्रम में 60 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। परियोजना कार्य अंतर्गत गांव की गलियों, नल के आसपास, सार्वजनिक स्थान व विद्यालय परिसर की सफाई की गई। विद्यालय परिसर में बाउंड्रीवॉल की चूने से पुताई की गई। स्कूल में रंगमंच का निर्माण स्वयंसेवकों द्वारा किया जा रहा है। बौद्धिक चर्चा में रविशंकर सोन, चित्रभानु तेजस, माधुरी कश्यप, शैलेंद्र सिन्हा ,सत्या साहू, सत्येंद्र साहू, कौशल गजेंद्र, वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रताप सिंह सार्वा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना से हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है। देसी खेल से सेहत फिट रहती है। कार्यक्रम में सरपंच रामजी मरकाम, उपसरपंच यशोदा शोरी, वरिष्ठ नागरिक शत्रुघन यादव, पीलूराम मरकाम, सोनू राम नेताम का योगदान रहा।



# बाबा ने समाज में समरसता का संदेश दिया : हरिशंकर



- भालुकोना में घासीदास जयंती पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम भालुकोना में मांदर की थाप पर पंथी नृत्य करते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। युवतियों ने सिर पर ज्योति कलश लेकर गांव का भ्रमण किया।

अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिशंकर सोनवानी के नेतृत्व में जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान श्री सोनवानी ने कहा कि गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय में हुआ जब समाज में छुआछूत, ऊंचनीच, झूठ-कपट का बोलबाला था। बाबा ने समाज को एकता, भाईचारा तथा समरसता का संदेश दिया। इन्होंने बचपन में कई चमत्कार दिखाए, जिसका लोगों पर काफी प्रभाव पड़ा। मौके पर किशोर कुर्रे, मुकेश सोनवानी, सोहन, ज्ञानचंद कुर्रे, संतोष जोशी, नरेंद्र, भूषण, बेदन बंजारे, नोरेन्द्र कोसरिया, तिलक भारती, सत्यनारायण टंडन, अवि सोनवानी, कैलाश, मुस्कान, संजु, हसमुख, निखिल, कन्हैया, लोकेश, हेमकुमार, कृष्णा, थानेंद्र, सागर उपस्थित थे।

# एनएसएस विद्यार्थियों को समाज से जोड़ता है : डॉ. चोवाराम

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

- ग्राम मड़ेली में सात दिवसीय रासेयो शिविर का शुभारंभ

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ चोवाराम यदु के निर्देशन में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा गोद ग्राम मड़ेली में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ समारोह की मुख्य अतिथि सरपंच लक्ष्मीनारायण साहू एवं विशेष अतिथि दीनुरामराम साहू, चतुरराम वरिष्ठ नागरिक, बंशीलाल पटेल महाविद्यालय विकास समिति अध्यक्ष थे।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डा चोवाराम यदु ने कहा कि एनएसएस का यह शिविर विद्यार्थियों को समाज से जोड़ता है एवं उनके व्यक्तित्व के विकास में योगदान देता है।एनएसएस के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद हैं। उनके आदर्शों को सामने रखकर हमें समाज हित में आगे आने की आवश्यकता है।



मुख्य अतिथि सरपंच श्री साहू ने कहा कि एनएसएस का क्षेत्र वृहद एवं व्यापक है। आज की नई पीढ़ी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में एनएसएस एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। विशेष अतिथि बंशीलाल पटेल ने कहा कि युवाओं का सही मार्गदर्शन करने में एनएसएस की महती भूमिका रही है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पुष्पा दर्रो एवं सहायक अधिकारी वेणु कुमार साहू ने एनएसएस के उद्देश्य एवं युवाओं की समाज में भूमिका संबंधी अपनी बात रखी।

इस दौरान कार्यक्रम स्वयंसेवकों ने सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, मंचों, मंदिरों, तालाबों की पचरी की साफ-सफाई की । तत्पश्चात रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता अभियान चलाया गया।

मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक हेमशंकर ध्रुव, लीना बैस, अनिल जांगड़े, किरण लहरे, पृथ्वीराज साहू, आरआर डिगरे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वेणु कुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन पुष्पा दर्रो ने किया ।

### उपादान राशि के लिए अब न्यायालय की शरण में

**पुरी।** जिले की सहकारी समितियों से सेवानिवृत्त कर्मचारी उपादान राशि अर्थात ग्रेज्युटी राशि के लिए सोसाइटी से लेकर अधिकारियों तक चक्कर लगाते थक गए। अब आधा दर्जन समिति के समिति प्रबंधक एवं अन्य कर्मचारियों ने अपना हक पाने के लिए न्यायालय नियंत्रण प्राधिकारी उपादान भुगतान अधिकारी 1972 एवं श्रम पदाधिकारी कार्यालय धमतरी में आवेदन प्रस्तुत किया है। 28 दिसंबर को आवश्यक दस्तावेज लेकर जाने के लिए नोटिस जारी हुआ है।

नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ धमतरी ने बताया कि सहकारी समितियों से 62 साल बाद सेवानिवृत्त समिति कर्मचारियों को शासन के अन्य कर्मचारियों की भांति पेंशन ग्रेजयुटी राशि, वेतनमान नहीं दिया जाता है। सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों का भविष्य आज भी अंधकार में है। रिटायर्ड सहकारी समितियों के कर्मचारियों को उपादान राशि अर्थात ग्रेज्युटी राशि पाने के लिए न्यायालय की शरण में जाने मजबूर होना पड़ा है। समिति के कर्मचारियों को न ही पेंशन मिलती है और न ही वेतनमान या अन्य सुविधाएं दी जाती हैं।

# रासेयो स्वयंसेवक दर्री में चला रहे सफाई अभियान



**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर दर्री में आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि सोमनाथ साहू ग्रामीण अध्यक्ष दर्री थे। अध्यक्षता अनिल कुमार साहू शिक्षक ने की। विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार जैन कार्यक्रम अधिकारी शाउमावि सिलौटी, कन्हैया देवांगन, शिवसिंग साहू, महेंद्र साहू, रमेश मरकाम, उत्तम साहू, हेमेश्वरी साहू, दुलारी बाई, कौशल्या बाई पंच उपस्थित थे। कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिथियों ने कहा कि रासेयो से जीवन में अनुशासन की प्रेरणा मिलती है। सेवा कार्य ही सबसे बड़ा धर्म है। सेवा का अवसर ही व्यक्तित्व का निर्माण करता है। शिविर में ग्राम के चौक-चौराहों, तालाबों, गली मोहल्लों एवं नालियों की सफाई की। कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव ने शिविर संचालन के लिए संचालक कुंदन साहू, शिविर नायक भोजराज, शिविर नायिका डोमेश्वरी साहू, दल नायक प्रिंस यादव, नितिन, सौरभ, एसकुमार एवं टेकराम का चयन किया। ग्रामीणों ने इनके कार्यों की प्रशंसा की।

## सिर्री का सबस्टेशन बना शराबियों का अड्डा



**सिर्री।** ग्राम सिर्री के सब स्टेशन के पास असामाजिक तत्वों एवं शराबियों द्वारा शराब पीकर बोतलों को इधर उधर फेंक दिया जाता है। शाम होते ही यहां शराबियों का जमघट लगा रहता है जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। सब स्टेशन के आसपास की जगहों को शराबियों ने अपना अड्डा बनाया हुआ है और अपनी मनमानी कर रहे हैं।

Pride of Dhamtari

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन,स्पाईन सर्जरी एवं पेट ,लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ अरूण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
22 दिसम्बर 2023 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756



# करमा, सुआ, संबलपुरी, पंथी नृत्य ने बटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

- रासेयो छात्रों ने किए कई रचनात्मक कार्य

यशवंत राव मेघावले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम परसाबुड़ा में आयोजित किया गया था। शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों ने समाज के लिए नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा विषय से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया। प्रभात फेरी परियोजना कार्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से व्यसन के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई।

बौद्धिक परिचर्चा में सुरेश साहू, पवन निषाद, एस कुमार साहू ने स्वयंसेवकों को पत्रकारिता के महत्व पर व्याख्यान दिया। योगाचार्य भागीरथी सोनकर ने योग का महत्व के साथ स्वस्थ जीवन के मूल मंत्र प्रदान किया। समापन दिवस की पूर्व संध्या पर शिविरार्थियों द्वारा जन जागरूकता हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। खुले में शौच मुक्त गांव, नशे के दुष्परिणाम, छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दर्शाते करमा, सुआ, गौरा गौरी, संबलपुरी, पंथी नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति शामिल थी। मंच का संचालन शिविर नायिका कुंती साहू ने किया।



समापन समारोह की मुख्य अतिथि सरपंच जीतराम ध्रुव रहे। विशिष्ट अतिथि देवनारायण साहू ग्रामीण अध्यक्ष, होरीलाल ग्रामीण सचिव, दिनेश सिन्हा वरिष्ठ ग्रामीण, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमा देवी चंद्राकर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी गोविंद राम साहू एवं अनीता साहू थे। कार्यक्रम में शिविरार्थियों को उनके बेहतरीन क्रियाकलापों के लिए अलग अलग विधाओं पर सम्मानित किया गया। शिविर में निःस्वार्थ भाव से सेवा प्रदान करने के लिए दानेश्वर साहू को सम्मानित किया गया।

शिविर के आयोजन में प्राचार्य डॉ. घनश्याम देवांगन का मार्गदर्शन रहा। मौके पर सहायक प्राध्यापक सुश्री निरूपा साहू, सागर साहू, दीपक कश्यप के साथ ही महाविद्यालय के पूर्व छात्र कुलेश्वर, खूबचंद साहू, खोमेश साहू उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### धान फसल की कटाई अब अंतिम चरण पर



**सिर्री।** सिर्री क्षेत्र के ग्राम सिवनीकला, चिंवरी, मौरीकला, गोजी, कठौली, कोकड़ी, नारी, धूमा, संकरी, गातापार, परसठ्ठी, खर्रा, दर्रा, फुसेरा, भैंसमुंडी, चारभाठा, गुदगुदा, सिरसिदा, मौरीखुर्द, दहदहा, कुहकुहा, भरदा, बकली, रावनगुड़ा, गोबरा, भालूकोना, चरमुड़िया, परसवानी, मेंडरका, आलेखुंटा, कोड़ेबोड़, सोनपुर, नवागांव, थुहा, मरौद, भाठागांव में धान की फसल की कटाई अंतिम चरण पर है। फसल की कटाई में किसान जोर-शोर से जुटे हुए हैं।

### गुरु घासीदास जयंती पर निकली शोभायात्रा



**सिर्री।** ग्राम थुहा में बाबा गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज द्वारा धूमधाम से जयंती मनाई गई। युवाओं द्वारा शोभायात्रा निकाली गई और गांव में भ्रमण किया। सतनामी समाज ने बाबा घासीदास द्वारा दिए गए मनखे मनखे एक समान का संदेश का प्रचार किया। इसके बाद जैतखाम में श्वेत झंडा चढ़ाकर विधिवत पूजा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

### नेशनल वेटलिफ्टिंग में सोनाक्षी का चयन



**धमतरी।** शहर के डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी स्कूल की छात्रा सोनाक्षी कौशिक का चयन शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता वेटलिफ्टिंग में नेशनल खेल के लिए हुआ है। 23 से 25 दिसंबर तक यह प्रतियोगिता राजस्थान के बीकानेर में होगी। सोनाक्षी के चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी ब्रजेश वाजपेई, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश दीवान, प्राचार्य श्रीमती पूनम पांडेय, प्रधान पाठक सुभद्रा कश्यप, व्याख्याता प्रतिमा साहू, रंजना साहू, डॉ.प्रदीप शर्मा, आलोक मत्स्यपाल, टी.आर.ध्रुव, ललिता वाहिले, ज्योति सोनकर, परमानंद साहू, निधि सोनी, तृप्ति जाचक, केके साहू, एमके साहू, मोहेंद्र साहू सहित शाला स्टाफ ने शुभकामनाएं दी हैं। यह जानकारी संस्था के व्यायाम शिक्षक हरीश भूआर्य ने दी है।

### भागवत कथा के श्रवण से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं : दुबे



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 1 में बघवा परिवार द्वारा 15 से 23 दिसम्बर तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। दोपहर 1 बजे से संध्या 6 बजे तक प्रवचनकर्ता संजय दुबे के मुखारबिंद से श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। भखारा के रामायणी लीलाराम निषाद ने चर्चा में बताया कि बहुत सुन्दर व्याख्यान, सुमधुर भजन गीत संगीत के साथ भगवान की कथा निरंतर कथा पंडाल में प्रवाहित हो रही है। कथा वाचक संजय दुबे ने कहा कि भागवत पुराण हिन्दुओं के अट्ठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद्भागवतम् या केवल भागवतम् भी कहते हैं। इसका मुख्य वर्ण्य विषय भक्ति योग है, जिसमें कृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरुपण भी किया गया है। भागवत कथा का रसपान सबको करना चाहिए। नगर पंचायत भठेली भखारा के सभी जनमानस कथा का आनंद ले रहे हैं।

### मड़ेली में संगीतमय रामायण सम्मेलन आज से

**जीजामगांव।** कार्तिक स्नान बालिका समूह हटरी चौक एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन मड़ेली में 21 एवं 22 दिसंबर को शाम 7 बजे से किया गया है। आयोजक समिति के विशेष सहयोगी गौरीशंकर साहू ने बताया कि इस वर्ष भी कार्तिक स्नान बालिका समूह द्वारा दो दिवसीय संगीतमय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिन जय मां दुर्गा रामायण एवं जगराता परिवार बासीन फिंगेश्वर एवं द्वितीय दिवस विद्या देवी शारदा संपूर्ण महिला मानस परिवार सिंधौरीखुर्द की मनमोहक प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में मंच संचालन निरंजन साहू ठहाका संचालक राजिम कुंभ राज्य उत्सव रायपुर, मंत्री गाडगे शिक्षक एवं डिगेश्वर साहू शिक्षक करेंगे।



### जिला सहकारी संघ की प्रशिक्षण गोष्ठी आयोजित

**धमतरी।** जिला सहकारी संघ द्वारा अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह की मुख्य थीम एवं पृथक-पृथक तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण गोष्ठी 20 से 23 दिसंबर तक ग्राम सेहराडबरी, सिहादभाठा, करगा व सिंगपुर में तथा 27 से 29 दिसंबर तक ग्राम घठुला, रामपुर व अछोटा पैक्स समिति परिसर में दोपहर 2 बजे से आयोजित की जा रही है। मुख्य वक्ता शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ एएन दीक्षित होंगे। संघ अध्यक्ष टीएल साहू ने बताया कि सहकारी सप्ताह का मूल उद्देश्य सहकारी संस्थाओं के सदस्यों के बीच जाकर सहकारिता के बारे में जागरूकता बढ़ानी है।

## बिजनेस साइट

### पं. कुण्डलिक शास्त्री का ज्योतिष शिविर जारी



**धमतरी।** शिर्डी महाराष्ट्र से धमतरी पहुंचे प्रसिद्ध ज्योतिष पं. कुण्डलिक शास्त्री जी का नगर में ज्योतिष शिविर जारी है। पं. कुण्डलिक शास्त्री 7 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक भवगती लॉज में ठहरे हैं। वे सुबह 8 से 12 एवं दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक लोगों के पूछे तीन प्रश्नों का जवाब देते हैं। उनकी सटीक भविष्यवाणी का धमतरी जिला सहित पूरे प्रदेश के नामचीन नेता से लेकर मंत्री, अधिकारियों सहित हजारों लोगों ने लाभ उठाया है। वे लोगों की हस्तरेखा और चेहरा देखकर जीवन के बारे में सही भविष्यवाणी करते हैं। अब तक हजारों लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया है।

विकसित भारत संकल्प योजना के जिला प्रभारी ने ली नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# रणनीति बनाकर योजनाओं को बनाएं अधिक कारगर : बोड़खे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



संयुक्त सचिव भारत सरकार एवं जिला प्रभारी विकसित भारत संकल्प योजना पंकज बोड़खे ने गंगरेल सर्किट हाउस में विकसित भारत संकल्प योजना के नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरे राज्य भर में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प योजना का लक्ष्य केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाना है। इन प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रमुख है। इन योजनाओं से जुड़े सभी पात्र हितग्राहियों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके इसके लिए अधिकारी योजना बनाकर और आपसी समन्वय से काम करें। सम्बंधित विभागीय अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि जो भी कार्य किये जा रहे हैं उनकी रिपोर्टिंग अनिवार्य रूप से करें क्योंकि केन्द्र स्तर पर योजनाओं के संतृप्तीकरण के आधार पर जिलों को रैंकिंग दी जायेगी और हमारा लक्ष्य है कि धमतरी जिला पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान पर आये।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 25 जनवरी तक जारी रहेगी। यात्रा के दौरान सिकलसेल एवं एनीमिया के मरीजों की स्क्रीनिंग करते हुए जल्द ही उपचार प्रबंधन पर ध्यान दें। आयुष्मान कार्ड हेतु पात्र हितग्राही वार एवं परिवारवार नीति अपनायें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव ने भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की रूपरेखा, उसके क्रियान्वयन पर जानकारी दी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर उमा राज, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जगरानी एक्का, जिला शिक्षा अधिकारी बृजेश बाजपेई, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बाबा ने समाज को सत्य और अहिंसा की राह दिखाई : विजय



**धमतरी।** हटकेशर एवं शीतलापारा वार्ड में बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन, पार्षद गीतांजलि प्रीतम महिलांगे, सूरज गहरवाल, एल्डरमेन लखन पटेल थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने कहा कि गुरु घासीदास सम्पूर्ण मानव जाति को 'मनखे-मनखे एक समान' का प्रेरक संदेश दिया। यानी सभी मनुष्य एक समान है। बाबा जी ने मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की। गुरु घासीदास ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। उनका जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक है। घासीदास के जन्म के समय समाज में छुआछूत और भेदभाव चरम पर था। घासीदास ने समाज में व्याप्त बुराइयों को जब देखा तब उनके मन में बहुत पीड़ा हुई तब उन्होंने समाज से छुआछूत मिटाने के लिए मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। बाबा को सतनामी समाज का जनक कहा जाता है। उन्होंने समाज को सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलने का उपदेश दिया।

मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन, पार्षदों सहित समाजजनों ने हटकेशर वार्ड में सतनामी समाज भवन का लोकार्पण किया गया। भवन में किचन शेड निर्माण के लिए 2 लाख की घोषणा भी की। इस दौरान गोवर्धन देवांगन, बसंत मारकंडे, टेमन जोशी, बसंत पाटिल, अशोक कुर्रे, तुलसी सतनामी, मीना, सतनामी, ईश्वर महिलांगे, बऊवा सतनामी सहित समाजजन उपस्थित थे।

## स्क्वैश के नेशनल में दुगली स्कूल के पांच छात्रों का चयन






हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



शहीद निर्मल कुमार नेताम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली के पांच विद्यार्थियों का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित होने वाली 67 वीं स्क्वैश स्कूल नेशनल गेम्स के विभिन्न वर्ग में हुआ है। बालिका अंडर 19 वर्ग में मनीषा मंडावी, संजीला मरकाम, दामिनी नेताम तथा बालक अंडर 19 वर्ग में ललेश्वर मरकाम व भोजराज का चयन हुआ। ये सभी खिलाड़ी स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 10 जनवरी से 13 जनवरी तक महाराष्ट्र के पुणे शहर आयोजित होने वाले 67वें स्कूल नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ग्वाल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनूप वट्टी, वरिष्ठ शिक्षक मोहन कुमार चौरसिया, नगरी ब्लॉक के शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार कौशल, राजेंद्र नेताम, गिरधर नाग, दुष्यंत नेताम, पवन साहू, शिक्षिका श्रीमती भावना सोरी, श्रीमती रूपा यादव, सुश्री वर्षा रंगारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। व्यायाम शिक्षक केशव जलक्षत्री ने बताया कि यह पहला अवसर होगा जब स्क्वैश जैसे खेल में नगरी वनांचल के खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे।

## देवगांव के एनएसएस शिविर में 72 पशुओं का हुआ उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर देवगांव में आयोजित है। इस दौरान गौठान में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शासकीय पशु औषधालय बोरसी के डा. सुनील शंखवार, डा. देवैन्द्र देव, महेश यादव ने ग्राम देवगांव में पशुओं का टीकाकरण किया। शिविर में 72 पशुओं का उपचार किया गया।

ग्रामीणजनों को कृमि नाशक दवाई, किलनी जू, पेशुवा नाशक दवाइयों का वितरण किया गया। 110 पशुओं का टीकाकरण, दवाई वितरण 110, जू किल्ली दवाई 110, कृमिनाशक दवाई 91, खुरा चपका,110, सेंपल परीक्षण 10 एवं 1 गाय का गर्भ परीक्षण किया है। 6 पशुओं का बधियाकरण एवं 6 पशुओं का पंजीकरण किया गया। बौद्धिक परिचर्या में गाय, बैल, बकरी, बकरा, मुर्गी की विभिन्न प्रजाति के पालन पोषण एवं रख-रखाव पर जानकारी दी गई। कृत्रिम गर्भाधान से होने वाले फायदे, पशुओं में होने वाले रोगों एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। पशुपालन का महत्व बताया। इस अवसर पर डा. सुनील शंखवार, लोमस चक्रधारी, पुरषोत्तम कोशिक समेत ग्रामीणजन, स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी एके सेन उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 63 आवेदनों का हुआ अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने योजना के तहत अब तक किये गये पंजीयन की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। बैठक में जिला स्तर पर प्राप्त 63 आवेदनों का अनुमोदन करते हुए राज्य स्तर पर प्रेषित करने की कार्यवाही की गई।

कलेक्टर श्री रघुवंशी ने कहा कि केन्द्र सरकार की इस महती योजना का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को मिले, इसके लिए अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम, श्रम पदाधिकारी डी.एन. पात्र, लीड बैंक मैनेजर सत्यप्रकाश, एमएसएमईएस भारत सरकार किशोर इरपाटे के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि योजना के तहत 18 प्रकार के चयनित ट्रेड वाले पारंपरिक शिल्कारों और कारीगरों को लाभान्वित किया जायेगा। ज्ञात हो कि पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए केन्द्रीय योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीयन शुरू हो गया है। इसके लिए पारंपरिक शिल्कार एवं कारीगर आधार कार्ड एवं लिंक मोबाईल नंबर तथा बैंक पासबुक के साथ अपने नजदीक के ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) में पंजीयन करा सकते हैं।

### प्रतिदिन 500 रूपये छात्रवृत्ति मिलेगी

उन्होंने यह भी बताया कि योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और विश्वकर्मा परिचय पत्र प्रदान किया जायेगा। इन कारीगरों के पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए पांच से सात दिन का निःशुल्क आवासीय युक्त प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी, जिसमें 500 रूपये प्रति दिन की दर से छात्रवृत्ति दी जायेगी। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद यंत्र एवं औजार के लिए 15 हजार रूपये की अनुदान सहायता भी उपलब्ध कराई जायेगी।

### मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर वित्तीय सहायता

इच्छुक हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख रूपये तक और दूसरे चरण में दो लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंकों द्वारा दी जायेगी। डिजिटल ट्रांजेक्शन करने पर हितग्राही को प्रति ट्रांजेक्शन 1 रूपये का फायदा होगा। इकाई स्थापना के बाद उत्पादों के डिजाइन एवं विपणन के लिए ब्राण्ड उन्नयन आदि के लिए विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।

## संसद का घेराव करने दिल्ली पहुंचे कुरुद के युवा कांग्रेसी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



संसद की सुरक्षा में चूक, बेरोजगारी, विपक्षी सांसदों के निलंबन, महंगाई एवं लोकतंत्र को बचाने देशभर से हजारों युवाओं ने दिल्ली के जंतर मंतर में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के नेतृत्व में संसद का घेराव किया। इस घेराव में शामिल कुरूद के युवा कांग्रेसी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली के जंतर- मंतर में आयोजित संसद घेराव में कुरुद विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवव्रत साहू एवं विधानसभा उपाध्यक्ष भारत भूषण साहू शामिल हुए। जहां इन्हें संसद कूच करते समय दिल्ली पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया। दिल्ली में गिरफ्तारी के बाद देवव्रत साहू ने कहा कि तानाशाह हुक्मरान कान खोलकर सुन लें। हम सच के सिपाही हैं। डंडे और गिरफ्तारी से न डरे थे और न ही डरेंगे। लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। हम इस तानशाही का डटकर मुकाबला करेंगे। देश की लड़ाई अब युवा लड़ेगा और सत्ता के घमंड को तोड़ेगा। विधानसभा उपाध्यक्ष भारत भूषण साहू ने कहा कि हम लोकतंत्र की लौ को किसी कीमत पर बुझने नहीं देंगे और न ही करोड़ों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ होने देंगे।




## एआईओसीडी के जेएस शिंदे पुनः अध्यक्ष चुने गए




**धमतरी।** इंदौर में ऑल इंडिया आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट (एआईओसीडी) का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें जेएस शिंदे को अध्यक्ष एवं राजीव सिंघल को महासचिव निर्विरोध चुना गया। छत्तीसगढ़ के महासचिव अविनाश अग्रवाल को सेंट्रल जोन का जॉइंट सेक्रेटरी पद के लिए चुना गया। एआईओसीडी की मिटिंग में छत्तीसगढ़ राज्य से 50 लोग शामिल हुए। वहीं धमतरी जिले से डीसीडीए अध्यक्ष राजेश साहू एवं डीसीडीए महासचिव सतराम वाशानी मौजूद थे। दोनों ने इनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया साथ ही जिले में एक कार्यशाला करवाने के लिए निवेदन किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## अंचल की खबरें

### शहर में भगवत गीता ग्रंथ का वितरण



**धमतरी।** गीता जयंती के उपलक्ष्य पर रायपुर की इस्कॉन संस्था द्वारा शहर के चौक-चौराहों पर भगवत गीता ग्रंथ का वितरण किया गया। संस्था के संचालक तमाल कृष्णदास का कहना है कि हर चौक, गली में हरिनाम संकीर्तन और भगवत गीता का वितरण होना चाहिए। भगवद गीता का उपदेश हर युग में मनुष्यों के लिए सार्थक है और जो गीता के संदेश का वितरण करते हैं, उनके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। मौके पर वत्सल, चैतन्य, दयानिधि, यश, पीताम्बर, हेम, लाला, हर्षल, दीपांशु आदि उपस्थित थे।

### ग्राम करेठा में बाबा घासीदास को किया नमन



**धमतरी।** ग्राम करेठा में गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू, सरपंच संजय भोसले, जिपं सदस्य खूबलाल ध्रुव व विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य जागेंद्र साहू थे। विधायक के समक्ष करेठा और रुद्री तटबंध पर पिंचिंग निर्माण की मांग रखी और अपने जनपद निधि मद से ग्राम करेठा में जैतखंभ के पास टाइल्स फिटिंग कार्य, नाली निर्माण कार्य, भवन निर्माण रिपेयर कार्य, हनुमान मंदिर के पास चबूतरा निर्माण कार्य और शीतला माता मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लाक लगाने की घोषणा की। विधायक श्री साहू ने जनपद सदस्य और सरपंच की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### स्वयंसेवक ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए करेंगे प्रेरित



**धमतरी।** मेहतरु राम धीवर शासकीय उमा उत्कृष्ट विद्यालय बठेना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम तरसींवा में 24 दिसम्बर तक किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष राजू चंद्रकार, सरपंच श्रीमति दीपेश्वरी साहू, अध्यक्ष राजमानस संघ एपी गोस्वामी, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष वासुदेव निर्मलकर, ग्राम पटेल परमेश्वर गिरि गोस्वामी, पंच प्रतिनिधि दानेश्वर सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि प्रेमप्रकाश साहू, सदस्य ग्राम विकास समिति फलेश कुमार साहू, हजारीराम साहू, प्रधानपाठक राधेश्याम ध्रुव, संस्था के प्राचार्य नागेंद्र पाण्डेय, सेवानिवृत्त व्याख्याता माखनलाल साहू, व्याख्याता आरके साहू व कार्यक्रम अधिकारी पोलेंद्र कुमार थे। स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता और नशा मुक्त समाज के लिए युवाओं को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।

### नवविवाहित युगल ने सार्थक स्कूल में बांटी मिठाई



**धमतरी।** धमतरी की प्रतिभा संजय अग्रवाल के बेटे अभिषेक के विवाह को कुछ ही दिन हुए हैं। तमाम व्यस्तताओं के बावजूद प्रतिभा ने अपने बेटे और बहू निकिता के साथ सार्थक स्कूल पहुंचकर विशेष बच्चों से मुलाकात की और उन्हें मिठाइयां खिलाई। बच्चों ने इस नवयुगल के आगमन पर खुशी जाहिर की और मिठाई लेकर उन्हें थैंक्यू कहा। सार्थक की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने अग्रवाल परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि सार्थक स्कूल के बच्चों ने मिठाई बहुत बार खाई है लेकिन खास बात यह है कि किसी नवविवाहित युगल ने शादी के थोड़े दिनों के बाद स्कूल आकर बच्चों, प्रशिक्षकों, पालकों और ऑटो चालकों को मिठाई पहली बार खिलाई है। विशेष बच्चों ने प्रतिभा और अभिषेक एवं निकिता का गीत गाकर स्वागत किया। अवसर पर स्कूल के प्रशिक्षक गीतांजलि गुप्ता, मुकेश चौधरी, स्वीटी सोनी, देविका दीवान, सुनैना गोड़े और पालकगण एवं ऑटो चालक उपस्थित थे।

- विशेष बच्चों ने गीत गाकर किया स्वागत,

कीमत बढ़ने का सीधा असर किसानों के बजट पर पड़ रहा

# खाद व कीटनाशक दवाइयों के रेट आसमान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं पर महंगाई की मार ने खेती-किसानी को भी अपने पंजे में दबोच लिया है। खेतों और फसलों को बचाने के लिए किसानों द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाली कीटनाशी व खाद के दाम में हुई भारी बढ़ोतरी ने किसानों के होश उड़ा दिए हैं। इनकी कीमत में लगी आग किसानों के बजट को झुलसा रही है। रेट बढ़ने से खेती की लागत को दोगुना कर दिया है। रेट बढ़ने का सीधा असर किसानों के बजट पर पड़ रहा है। डीजल के बढ़े दाम ने किसानों को पहले से ही परेशान कर रखा है। अब खाद, दवाइयों के रेट बढ़ने से उन पर अतिरिक्त बोझ आ गया है। कृषि खाद एवं दवाइयों के विक्रेता भुनेश्वर सिन्हा, कामता साहू ने बताया कि खाद और कीटनाशक के दाम में 150 से 200 रूपए तक की वृद्धि हुई है। जो कीटनाशक 500 रूपए में मिलता था, उसे अब 650 से 700 रूपए में खरीदना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि चिल्हर बाजार में क्लोरोपाइरीफाश 450 रूपए, सायपरमेथिन 550 रूपए, 505 कीटनाशी 700 रूपए, कार्बेंडाप्लस 550, प्रोफेनोफास 650 रूपए, प्रेटिलाक्लोर 650 रूपए, स्पाईरीबेड 3000 रूपए, इमिडाक्लोर 1100, थायोमेथोग्राम 1600 रूपए, एसीफेट 700 रूपए प्रति लीटर किलो बिक रहा है। इसी तरह पोटाश 1700, डीएपी 1260, यूरिया 265, ग्रोमोर 1650, सुपर फास्फेट खाद 450 रूपए प्रति बोरी रेट है।

कृषक राजेश साहू, जगत साहू, जीवराखन साहू, तुलाराम ध्रुव, पुराणिक मरकाम का कहना है कि कृषि में काम आने वाली कीटनाशक और उर्वरक को खरीदना महंगा हो गया है। इनके दाम में वृद्धि से खेती की लागत बढ़ गई है। लोग पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की बात तो करते हैं लेकिन देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि में बढ़ रही महंगाई पर कोई नहीं बोलता। खाद, बीज, कृषि उपकरण, खरपतवार, निंदानाशक, कीटनाशी दवाओं की मूल्य वृद्धि से किसान आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं। इसके बावजूद किसानों की मांग को कोई नहीं उठाता। उनका कहना है कि खेतों के लिए उर्वरक और कीटनाशक जरूरी है, महंगे होने के कारण किसान इस चिंता में है कि वह फसल से इसकी भरपाई कैसे करेंगे। इस महंगाई से सरकार को राहत दिलानी चाहिए।

### कर्ज का बोझ खत्म नहीं होता : कृषक वर्ग



कृषक जगदीश पटेल, मनोहर जोशी, लीलाराम मरकाम का कहना है कि किसान कर्ज के साथ जन्म लेता है और कर्ज लेकर मर जाता है। किसानों का शोषण सभी वर्ग द्वारा किया जाता है। किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। उनका कहना है कि खेती-किसानी के लिए मोटी रकम की जरूरत पड़ती है। ऐसे में उनको धनी व्यक्ति या साहूकार से ब्याज में रकम लेकर खेती करना पड़ता है। खेतों में फसल अच्छी हुई तो कर्ज चुकता हो जाता है नहीं तो सिर्फ ब्याज ही पटाते हैं। मूल बच जाता है जिसका ब्याज दोगुना हो जाता है जिसे नए सीजन में जमा करना मुश्किल हो जाता है। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा दिया जाने वाला कर्ज पर्याप्त नहीं है। कर्ज की राशि प्रति एकड़ के हिसाब से बढ़ानी चाहिए। ब्याज माफ सहित मूल की राशि फसल अच्छी होने पर लेनी चाहिए।

## गुरू घासीदास ने अपनी अमृतवाणी से सामाजिक कुरीतियों को दूर किया : रंजना



- घासीदास जयंती पर दानीटोला वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती पर दानीटोला वार्ड में पंथी नृत्य का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने जैतखंभ की पूजा-अर्चना की।

अतिथि उद्बोधन में पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि घासीदास बाबा की अमृत वाणी सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार है। बाबाजी ने अपनी अमृतवाणी के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव, छुआछूत की भावना को दूर किया। वर्तमान में घासीदास बाबा के बताए मार्ग पर चलकर जीवन को सफल बना सकते हैं।

श्रीमती साहू ने आगे कहा कि मानव मानव एक समान का नारा देकर समाज में समानता लाएं। इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, शिवदत्त उपाध्याय, पार्षद अज्जू देशलहरे, रुपा नागदेव, अजय डहरिया, वंदना देशलहरे, गोवर्धन कोसरे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाला गुरु होता है : कविता



- जिपं सभापति ने खरेंगा में गुरु घासीदास जयंती पर अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम खरेंगा में गुरु घासीदास जयंती समारोह एवं सतनाम भवन में अतिरिक्त कक्ष लोकार्पण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वन समिति सभापति जिला पंचायत श्रीमती कविता बाबर थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण करके किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अमरीका ध्रुव सरपंच ने की। इस अवसर पर श्रीमती बाबर ने कहा कि बाबा का जन्म छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी गांव में हुआ था। वे ग़रीब परिवार में पैदा हुए। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात किया एवं सतनाम संप्रदाय की स्थापना की। सतनाम पंथ का उन्हें संस्थापक माना जाता है। मनखे मनखे एक समान का नारा भी बाबा जी ने दिया था। अज्ञातना के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाला गुरु होता है। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख रामखिलावन साहू, प्रकाश साहू, राजेंद्र भारती, भगवान सिंह सोनवानी, मोहन जांगड़े समेत बड़ी संख्या में सतनामी समाज के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्रों का बाल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमेन डा. एएफ पिंटो एवं डॉ. श्रीमती ग्रेस पिंटो के निर्देशन में 7 छात्र-छात्राओं की एक टीम ने अंतर्राष्ट्रीय बाल महोत्सव में भाग लेकर सराहनीय प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि रॉयन इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय बाल महोत्सव राष्ट्रीय बाल भवन में आयोजित हुआ जिसमें 20 देशों के लगभग 42000 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। यह बाल महोत्सव लेट्स हैव फन की थीम पर आधारित था जिसमें ग्रुप फोक डांस, सोलो सिंगिंग, न्यूज पेपर ड्रेसिंग, पपेट मेकिंग, वेस्टन ग्रुप डांस, ड्युट डांस, हेंड पेंटिंग, ग्राफिटी पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, मिक्स्ड मीडिया पेंटिंग आदि विषयों पर प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदर्शन हुआ।

इस उत्सव में सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी की कक्षा 11वीं से एंजल मुंजवानी एवं सोही देवांगन, 8वीं से लव नडार, खेमादित्य नेताम, सोनाक्षी सिन्हा, याशिका बैद, कक्षा 7वीं से उदिता साहू ने न्यूज पेपर ड्रेसिंग, पपेट मेकिंग तथा युगल नृत्य में सराहनीय प्रदर्शन किया। ये छात्र-छात्राएं स्कूल की शिक्षिका सुश्री नेहा सिंह ठाकुर के संरक्षण में गए थे। छात्राओं के सराहनीय प्रदर्शन पर संस्था की प्रचार्या सुश्री मृणालिनी सिंह एवं समस्त स्टाफ ने खुशी व्यक्त की है।

# सीटू के बैनर तले मध्यान्ह भोजनकर्मियों ने दिया धरना




- शिक्षामंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मध्यान्ह भोजन कर्मियों ने बुधवार को गांधी मैदान में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सीटू के बैनरतले धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के बाद शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

सीटू के समीर कुरैशी, संघ की अध्यक्ष अनुसुईया कंडरा, अहिल्या ध्रुव, महेश निर्मलकर, ललिता साहू, जयश्री गोस्वामी, बालाराम मरकाम, राधा दिली आदि ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री पोषण योजना अंतर्गत राज्य के 87 हजार से अधिक मध्यान्ह भोजनकर्मी कार्यरत हैं, जिसके एवज में रसोईया, सहायिकाओं को केन्द्र सरकार द्वारा 600 रूपये एवं राज्य शासन द्वारा 300 रूपये मेहनताना दी जा रही है। राज्य द्वारा 2022-23 के बजट में 300 रूपये तथा 15 अगस्त 2023 को 500 रूपये की बढ़ोतरी की घोषणा की गई थी लेकिन अभी तक नहीं मिला।

उन्होंने बताया कि समस्त कर्मी को 2300 प्रतिमाह दिया जाना चाहिए था लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी शासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इसी के साथ बजट सत्र में मध्यान्ह भोजन कर्मियों के लिए 300 रूपये की बढ़ोतरी के साथ दिसम्बर माह का मानदेय 3450 रूपये जारी किया जाए। दूसरे राज्य के मुताबिक छग राज्य में 60 वर्ष की सेवा उपरांत 1 लाख रूपये अनुग्रह राशि दी जाए। सेवानिवृत्त के बाद 3 हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन दी जाए। बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा आदेश के तहत 9180 रूपये प्रति महीना मजदूरी लागू की जाए। समस्त कर्मियों को 12 महीने काम का आदेश जारी किया जाए। छंटनीग्रस्त रसोइयों को काम पर रखा जाए। किसी भी कर्मी की छंटनी न की जाए। वर्ष में एक बार दो जोड़ी वर्दी दी जाए।

### शिक्षकों के लिए आनंद अनुभूति शिविर 26 से

**धमतरी।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा शिक्षकों के लिए बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में 26 से 31 दिसंबर तक आनंद अनुभूति शिविर का आयोजन किया गया है।







### भूले बिसरे गीतों की सुरमयी शाम आज

**धमतरी।** अंतरा कला परिषद एवं भारतीय जैन संगठना महिला शाखा द्वारा दिव्यांगजन सहायतार्थ भूले बिसरे गीतों की सुरमयी शाम का आयोजन 21 दिसंबर की रात्रि 8.30 बजे से विमल टाकिज धमतरी में किया जा रहा है। अंतराकला परिषद् की संरक्षक डॉ. श्रीदेवी चौबे एवं सचिव डॉ. प्रदीप साहू ने बताया कि अंतरा कला परिषद् धमतरी द्वारा विगत 30 वर्षों से जनसहयोग से दिव्यांगजनों के सहायतार्थ हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी चिन्हांकित दिव्यांगजनों को आर्थिक सहयोग प्रदान की जायेगी। इस वर्ष मुंबई के कलाकार भूले बिसरे गीतों के माध्यम से सुरमयी शाम की प्रस्तुति देगें। भारतीय जैन संगठना महिला शाखा की अध्यक्ष सूर्या लुंकड़ ने भूले बिसरे गीतों की सुरमयी शाम का आनंद प्राप्त करने लोगों से अपील की है।







